श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/3/730 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- (1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के डेहरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अकोढ़ीगोला प्रखंड में बक्सर कैनाल से निकलने वाली बाहा, जो ग्राम सलैया की ओर जाती है, के माध्यम से दर्जनों गाँवों के हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई होती है, किन्तु वर्षों से सफाई एवं रखरखाव तथा पक्कीकरण एवं दोनों तटबंधो का ऊँचाईकरण नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के समय जलभराव एवं कटाव की समस्या उत्पन्न होती है; यदि हाँ तो सरकार उक्त बाहा की सफाई पक्कीकरण एवं तटबंधों के ऊँचाईकरण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कबतक कार्य प्रांरभ कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि:- • प्रश्नगत मामला सलैया राजवाहा से संबंधित है, जो पश्चिमी मुख्य नहर के 11.27 कि०मी० से नि:सृत है तथा इसकी कुल लम्बाई 5.23 कि०मी० है। • 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' अंतर्गत उक्त राजवाहा का पुनर्स्थापन कार्य वर्ष 2024 में पूर्ण कराया गया है। • वर्तमान खरीफ अवधि में नहर के अंतिम छोर तक जलश्राव उपलब्ध कराया जा रहा है। • वर्तमान में सलैया राजवाहा के पक्कीकरण का कार्य विचाराधीन नहीं है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–54 / 2026 पटना / दिनांक :....................................

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–54 / 2026 पटना / दिनांक :....................................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–54 / 2026 5027 पटना / दिनांक : 31/08/2026

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/8/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव